हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 22 दिसंबर 2025

06 अरावली पर्वत पर अवैध खनन से बिगड़ जाएगा..



07 कस्तूरबा गांधी व उत्कृष्ट छात्रावासों का निरीक्षण...





## खबर संक्षेप

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

**सागर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बण्डा की सौरभ किराना का निरीक्षण किया गया व सौंफ में रंग की मिलावट की शंका के आधार पर 25 कि.ग्रा. सौंफ एवं नमकीन के 20 पैकेट, बिना उत्पादन तिथि के जप्त किये गए। उक्त दोनों खाद्य पदार्थों के नमूनें जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए।

### प्रतियोगिता में परोसे जा रहे भोज पदार्थों व पेयजल की गुणवत्ता की जांच

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के आदेशानुसार सागर में चल रही 69वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहभागी छात्र-छात्राओं एवं आब्जर्वरों को परोसे जा रहे भोज पदार्थों एवं पेयजल की गुणवत्ता की जांच दिनांक 17.12.2025 से 21.12.2025 तक लगातार की गई। मिश्रा केटर्स एवं SGS सेक्युरिटी केटर्स के द्वारा भोजन व्यवस्था का संचालन किया गया। जिसमें उक्त दोनों केटर्स के खाद्य पदार्थों के नमूने चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा जांचे गए एवं नमूने संग्रहित किए गए। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों के रखरखाव एवं खरीदते समय रखने वाली सावधानियों के संबंध में जागरूक किया गया।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण 24 दिसंबर को

**सागर।** सागर जिला अंतर्गत 02 जनपद सदस्य, 03 सरपंच पद एवं 14 पंच पद के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन–2025 (उत्तरार्द्ध) का कार्यक्रम 5 दिसंबर को जारी किया गया था। जिले में रिक्त पदों में से जनपद पंचायत बंडा अंतर्गत 01 जनपद पंचायत सदस्य का पद, जनपद पंचायत देवरी अंतर्गत 01 सरपंच का पद तथा 14 पंचों के पद निर्विरोध रूप से भरे जा चुके हैं। शेष रहे 01 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए जनपद पंचायत राहतगढ़ में 10 मतदान केंद्रों पर 29 दिसंबर को मतदान होगा, जिसमें 04 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत बीना की ग्राम पंचायत देवल में सरपंच पद हेतु 03 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसके लिए 03 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। वहीं जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत प्यासी में सरपंच पद के लिए 02 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 02 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न होगा। निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम एवं नियम-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान दलों का प्रशिक्षण 24 दिसंबर 2025 को दोपहर 12:30 बजे से आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, तिली रोड, सागर में आयोजित किया गया है।

---

### जैविक प्राकृतिक उत्पाद हाट बाजार का कृषि मंत्री कंषाना ने किया शुभारंभ

# सभी लोग प्राकृतिक खेती की उत्पादों का उपयोग करें और स्वस्थ रहे : कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सभी लोग प्राकृतिक खेती के उत्पादों का उपयोग करें और स्वस्थ रहे। उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने जैविक हाट बाजार की शुभारंभ अवसर पर प्राकृतिक खेती करने वाले किसान भाइयों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, किसान मोर्चा के अध्यक्ष धीरज सिंह, सुखदेव मिश्र, शैलेंद्र सिंह, संतोष पटेल, रजनीश यादव, आकाश चौरसिया, विनय मालिया, अविनाश रावत, कृषि उपसंचालक राजेश त्रिपाठी, एमके प्रजापति, अनिल राजपूत, आशीष त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्राकृतिक खेती करने वाले किसान मौजूद थे।

सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि जैविक उत्पाद अपनाएं कैंसर से छुटकारा पाए एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा। जैविक प्राकृतिक हाट बाजार के उद्घाटन समारोह में विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि प्राकृतिक खेती एवं उनके उत्पादन को अपनाकर कैंसर से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज




हम सभी प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ संकल्प लें कि सागर जिले में केवल प्राकृतिक खेती एवं उनके उत्पादों का उपयोग करेंगे और कैंसर से निजात पाएंगे।

विधायक जैन ने कहा कि भारत माता की भूमि पर जैविक खाद का उपयोग कर भारत माता की भूमि का सम्मान करें और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि अब आने वाले सभी रविवार को शहर की अलग-अलग स्थान पर जैविक हाट बाजार लगाया जाएगा सभी इसका प्रचार प्रसार एवं जागरूकता अभियान प्रारंभ करें एवं हम सभी केवल प्राकृतिक जैविक उत्पादन का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों की सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा और उनको सम्मानित भी किया जाएगा।

विधायक जैन ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसान आकाश चौरसिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि आकाश अकेले कम से कम 20 वर्षों से प्राकृतिक खेती करने के काम में लगे हुए हैं और अपने प्रयासों से सागर वासियों को जोड़ रहे हैं। जैविक प्राकृतिक हाट बाजार शुभारंभ कृषि मंडी एदल सिंह कंषाना ने फीता काटकर किया।

#### कृषि मंत्री ने हाट बाजार का किया अवलोकन

मध्य प्रदेश शासन के कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने सागर की पुलिस ट्रेनिंग ग्राउंड पर पहुंचकर हाट बाजार का शुभारंभ किया और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के द्वारा लगाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से चर्चा भी की उन्होंने अपील की सभी लोग प्राकृतिक खेती की उत्पादों का उपयोग करें और स्वस्थ रहें।

#### 300 से अधिक व्यक्तियों ने की खरीदारी

300 से अधिक व्यक्तियों ने जैविक उत्पादों सब्जी फल की खरीदारी की प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रविवार को पुलिस ट्रेनिंग ग्राउंड पर आयोजित प्राकृतिक जैविक हाट बाजार में नगर वासियों ने उत्साह दिखाते हुए सवेरे से ही हाट बाजार पहुंची जहां 370 व्यक्तियों से अधिक ने 50000 से अधिक की जैविक सब्जी एवं फल की खरीदारी की।

---



## थाने में पुलिस कर्मियों के लिए तनाव मुक्त ध्यान शिविर हुआ आयोजित

**गढाकोटा।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर गढाकोटा थाना में रविवार को मध्य प्रदेश पुलिस और हार्ट फुलनेस संस्थान ने संयुक्त रूप से तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करना, आंतरिक संतुलन विकसित करना और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना था। थाना प्रभारी शिवम दुबे ने कहा कि ध्यान और योग जैसी गतिविधियां पुलिसकर्मियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने और तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक होती हैं। ध्यान सत्र के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक सोच और आत्मबल बढ़ाने के विभिन्न उपाय सिखाए गए। इस अवसर पर थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम मिटाने की साजिश के खिलाफ कांग्रेस ने भरी हुंकार

**सागर।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) का नाम बदलने के निर्णय के विरोध में रविवार को सागर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने सड़क पर उतरकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में सब्जी मंडी स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष विशाल 'मौन धरना' प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा संगठनों, पार्षदों समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। धरना प्रदर्शन के समापन पर जिला शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने आक्रामक लहजे में कहा कि भाजपा सरकार गांधी जी के आदर्शों और उनके नाम से भयभीत है। लेकिन भाजपा यह भूल रही है कि गांधी इस देश की आत्मा में बसते हैं और देश की जनता इस ओछी राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने भाजपा की नीतियों को जनविरोधी और इतिहास मिटाने वाली मानसिकता ठहराते हुए कहा कि मनरेगा जैसी क्रांतिकारी योजना से गांधी जी का नाम हटाना उनकी विचारधारा पर हमला है, जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्व उपाध्यक्ष अमित राम जी दुबे ने भाजपा पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि गोडसेवादी विचारधारा के लोग गांधी जी की हत्या के बाद अब इस देश से उनके नाम और उनकी विरासत को भी खत्म करने की साजिश रच रहे हैं।

---

## करिश्माई नेतृत्व के धनी व भारतीय राजनीति के 'अजातशत्रु' थे श्रद्धेय अटल जी: गौरव रणदिवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी 25 दिसंबर को हम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती मनाने जा रहे हैं। यह श्रद्धेय अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष हैं जिसे हम अटल स्मृति वर्ष के रुप में मना रहें हैं। श्रद्धेय अटल जी के विकसित भारत के सपने को हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही हैं। यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने सागर में जिला स्तरीय कामकाजी बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

बैठक को जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी सम्बोधित किया। बैठक में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ.वीरेंद्र पाठक, एस.आई.आर टोली जिला संयोजक रामेश्वर नामदेव, वीर बाल दिवस टोली संयोजक यश अग्रवाल, मंचासीन रहें।

बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी के प्रति हमारा भावनात्मक लगाव हैं और उनके प्रति हमारे मन में भावनात्मक विचार आते हैं। वह ऐसे नेता थे जिन्हे देखने सुनने लोग आतुर रहते थे। उस समय जब प्रचार प्रसार के इतने




साधन नहीं थे, तब भी श्रद्धेय अटल जी की रैली व सभाओं में जन समूह उमड़ता था और ऐसी स्तिथि एक दो जगह नहीं बल्कि हर जगह होती थी। ऐसे करिश्माई नेतृत्व के धनी व भारतीय राजनीति के 'अजातशत्रु' थे श्रद्धेय अटल जी। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी सुशासन के प्रतीक थे। उनका पूरा जीवन सुचिता से परिपूर्ण रहा है। वे जनसंघ के प्रमुख सदस्य रहे और जब भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ, तब पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। श्रद्धेय अटल जी ने राजनीतिक सुचिता के जो आदर्श मापदंड स्थापित किए हैं, पार्टी कार्यकर्ता आज भी उन्हीं मापदंडों का पालन कर रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कृतित्व व व्यक्तित्व को जनता तक पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश की सभी विधानसभाओं में सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों के जरिए अटल जी के कृतित्व, व्यक्तित्व, विचारों, राष्ट्रनिष्ठा व सुशासन को जनता तक तक पहुंचाया जाएगा।

गौरव रणदिवे ने कहा कि 26 दिसंबर को हम वीर बाल दिवस मनाने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में 'वीर बाल दिवस' मनाने की शुरुआत की थी। अब यह पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है उन्होंने साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की बहादुरी की सराहना और उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि मुगलों द्वारा किए गए तमाम अत्याचारों और प्रलोभनों के बावजूद, वे इतनी कम उम्र में भी अपने विश्वास पर अडिग रहे। उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय जिंदा दफन होना स्वीकार किया। लेकिन इस देश का दुर्भाग्य हैं कि कांग्रेस ने सदा अपने शासन काल में हमारे नायको की वीरता और साहस की गौरव गाथा के बजाये गढ़े हुए विमर्श पढाये गए। जिन्हें बदलने का काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया हैं। और आज जब हमारे नेतागण कांग्रेस और जवाहर लाल नेहरू के गुनाह उन्हें सदन में गिनाते हैं ।

## बालक-बालिका वर्ग में महाराष्ट्र बना राष्ट्रीय चैंपियन

**सागर।** 69 में राष्ट्रीय साले बैडमिंटन प्रतियोगिता में 37 राज्यों की आए खिलाड़ियों ने पूरी उत्साह खेल भावना क्षमता के साथ पांच दिनों तक अपने खेल-खेले जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में महाराष्ट्र राज्य ने बैडमिंटन प्रतियोगिता जीत का राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने राज्य के नाम किया। बालक वर्ग में महाराष्ट्र में राजस्थान को हराकर राष्ट्रीय ट्रॉफी अपने नाम की वहीं बालिका वर्ग में भी महाराष्ट्र में तमिलनाडु को हराकर महाराष्ट्र को डबल राष्ट्रीय चैंपियन बनने का मौका प्रदान किया बालक वर्ग में तीसरे स्थान पर हरियाणा रही जबकि बालिका वर्ग में तीसरे स्थान पर काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल रही।

---

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड , **भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

---

### अटल मूर्ति सहित 100 फीट ऊंचे तिरंगा का होगा अनावरण

# रहली गौरव दिवस की तैयारियों को लेकर अटल पुल पर बैठक आयोजित अभिषेक भार्गव और नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने साझा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करने वाले 'रहली गौरव दिवस' के आगामी 25 से 27 दिसंबर तक होने वाले तीन दिवसीय आयोजन को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता अभिषेक भार्गव और नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने नगर के प्रमुख स्थल अटल पुल पर एक विशेष बैठक की और कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। अभिषेक भार्गव ने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व मंत्री और विधायक भैया गोपाल भार्गव द्वारा अटल मूर्ति सहित सो फीट ऊंचे तिरंगा का अनावरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न योजनाओं के भूमिपूजन संपन्न होंगे। 26 को बॉलीवुड सिंगर दिया घोष द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और 27 दिसंबर को बुंदेलखंड के कॉमेडी



कलाकार प्रस्तुति देंगे।

#### तैयारियों का जायजा और रणनीति

अटल पुल पर आयोजित इस बैठक में आयोजन की भव्यता और जन-भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने बताया कि रहली गौरव दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नगर की अस्मिता और विकास का उत्सव है। बैठक के दौरान अभिषेक भार्गव ने कहा कि रहली का इतिहास गौरव शाली रहा है और हम चाहते हैं कि हर रहलीवासी इस दिन को अपने उत्सव के रूप में मनाए। रहली का हर नागरिक इस गौरव दिवस का हिस्सा बने, यही हमारा प्रयास है। हम इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने नगर पालिका की ओर से की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी और शहरवासियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा आप ही आयोजक और व्यवस्थापक हे।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में चुनाव सुधार को लेकर दिए वक्तव्य का लाइव प्रसारण पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने एकसाथ बैठकर श्रवण किया, इस अवसर पर भाजपा नेता अभिषेक भार्गव, नपा अध्यक्ष देवराज सोनी, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, इंजीनियर शिवराम साहू, पार्षद राजेंद्र ठाकुर, दीपक पटेल, कमल रैकवार, ऋषि बुधौलिया, पंकज सिंघई, सौरभ तिवारी, सुनील पटेल, विक्रम राजपूत, अमन ठाकुर, भूपेन्द्र होलकर सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति से पकड़े रसभरी के 28 क्वार्टर

**ललितपुर।** नेहरू नगर चौकी पुलिस ने एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति के पास से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, नेहरू नगर चौकी प्रभारी अंकित कौशिक अपने हमराह आरक्षी योगेन्द्र कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी जैकेट में देशी शराब को छिपाकर रेलवे लाइन किनारे से जा रहा है और कहीं बेचने की फिराक में है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे और ओवरब्रिज के बने पिलर के पीछे छिपकर संदिग्ध व्यक्ति का इंतजार करने लगे। कुछ ही समय पश्चात एक व्यक्ति वहां से गुजरा जो कि जैकेट पकड़े हुये था। पुलिस ने तत्काल उसे पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम पतरूआ माता मंदिर के पास निवासी आनन्द कुमार पुत्र आशाराम अहिरवार बताया। पुलिस ने उसके पास से एक गत्ते में 28 टेट्रा पैक देसी शराब रसभरी मार्का बरामद किया गया। आनन्द कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कैंसर से ग्रसित है और शराब बेचकर अपना गुजरा कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पानी की टिक्की लेने गई किशोरी लापता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 दिसम्बर को शाम करीब 5 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से पानी की टिक्की लेने गयी हुयी थी, जिसके बाद से वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी। जिस पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि उसने घर में देखा तो उसकी पुत्री का स्कूल बैग, एक की-पैड मोबाइल मिला, जिसमें सिम नहीं थी। उक्त मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल नम्बर डायल था। उक्त नम्बर पर उसने काफी सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं लगा। अब पीड़ित ने अपनी पुत्री की जानमाल को खतरा बताया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कोर्ट में आए युवक से मारपीट की

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सैदपुर के मजरा मुडिया में रहने वाले जानकी प्रसाद पुत्र भुजवल ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पत्नी से न्यायालय में भरण-पोषण का मुकद्दमा विचाराधीन हैं। यहां 20 दिसम्बर को वह कोर्ट में तारीख पर आया था, जहां उसकी पत्नी भी हाजिर थी। आरोप है कि तारीख करके जब वह अपराह्न 1 बजे कचहरी चौराहा पहुंचा तो वहां पत्नी व उसके साथ आया सैदपुर का एक युवक ने उसे रोका और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी।

### नरयावली घटना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**गुलाबगंज।** नरयावली थाने के चांदामऊ गांव में लव जिहाद एवं आगजनी की घटना के विरोध में शुक्रवार को गुलाबगंज तहसील कार्यालय में चिढ़ार समाज सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि फहीम खान नामक युवक द्वारा एक युवती को धमकाने के बाद उसके घर में आगजनी की गई। जिसमें युवती की बड़ी बहन व दो भाई गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के दौरान दोनों भाइयों की मौत हो गई, जबकि 60 प्रतिशत झुलसी युवती जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रही है। होश में आने पर युवती ने आरोपी को घटनास्थल से भागते देखने की बात कही।

### गाडगे महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**विदिशा।** लोहा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजजनों ने गाडगे महाराज के संघर्षों और उनके कार्यों को याद किया। राजू मालवीय ने बताया कि गाडगे महाराज स्वच्छता के प्रेरक थे, वे जहां भी जाते खुद सफाई करते और जमा किए गए पैसे से गोशालाएं, स्कूल व भंडारे करवाते थे।

---

डीएम ने चकबंदी प्रक्रिया की समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने व बंदोबस्ती सुधारने का कहा

# कब्जा परिवर्तन ग्रामों के चक मार्गों पर मनरेगा योजना से मिट्टी डलवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में चकबंदी प्रक्रियारत ग्रामों की कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बताया गया कि वर्तमान में 77 ग्राम चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत गतिमान हैं, इनमे से इस वर्ष धारा-7 के अंतर्गत 19 ग्रामों में सर्वे/तरमीम का कार्य, धारा-8 के अंतर्गत 11 ग्राम, धारा-9 के अंतर्गत 09 ग्राम, धारा-10 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-20 के अंतर्गत 03 ग्राम , धारा 23 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-24 के अंतर्गत 04 ग्रामों का कार्य पूर्ण किया है, वर्तमान माह दिसम्बर में 02 ग्राम छिल्ला और विजेपुरा का धारा-9 पूर्ण किया गया है। साथ ही वर्तमान में 37 वर्ष पुराने ग्राम नाराहट तहसील पाली, के साथ अन्य 05 ग्राम- मोगान, बरोदी नकीब, मऊमाफी, छायन, सूरीकलां इस प्रकार कुल 06 ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण होने की ओर है उक्त सभी ग्रामों का धारा-52 मार्च 2026 तक चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए किया जाना है। अवशेष 24 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रियाएं जनपद मे लेखपालगण की कमी के कारण बाधित हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने





चकबंदी प्रक्रिया अन्तर्गत जनपद के 77 ग्रामों व उनके मजरों में चकबंदी कार्यों की प्रति की एक-एक कर समीक्षा की, जिसमें ग्राम सतौरा, सौजना, जलन्धर, खोखरा सहित अन्य ग्रामों में चकबंदी कार्य की खराब प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित चकबंदी अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि जिन ग्रामों में कब्जा परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो चुका है उन ग्रामों में निर्मित सेक्टर मार्ग/चकमार्ग पर मनरेगा योजना के अंतर्गत मिट्टी डलवाने हेतु ऐसे चक मार्गों की सूची सीडीओ को उपलब्ध करायें, ताकि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा उनके क्षेत्रान्तर्गत ऐसे चक मार्गों पर मिट्टी डलवाने का कार्य कराया जा सके। उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि वह चकबंदी आयुक्त को पत्र प्रेषित करें। बैठक में एडीएम न्यायिक/उप संचालक चकबंदी अशोक कुमार यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार, डीआईओ, पेशी कानूनगो पुष्पेन्द्र कुमार गौतम, फरहत अहमद, अरविंद कुमार, मसूद अहमद, मो.आजम, रामचंद्र मौर्या, मसूद सेरवानी तथा सभी क्षेत्रों में तैनात सहायक चकबंदी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जन्मशताब्दी समारोह की कार्यशाला हुई

# अटल जी के राष्ट्र विषयक प्रथम मूल्यों को याद कर 25 से 31 तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी वर्ष के जन्म सप्ताह को बड़े धूमधाम से मनाने की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने की एवं संचालन जिला मीडिया प्रभारी कार्यक्रम सहसंयोजक देवेन्द्र गुरु ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में इस कार्यक्रम के जिला संयोजक प्रदीप चौबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने आयोजित जिला कार्यशाला के सम्बन्ध में प्रस्तावना रखी । तत्पश्चात कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं मुख्य वक्ता प्रदीप चौबे ने कहा कि हमारे उच्च नेतृत्व ने इस वर्ष भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी बर्ष में उनका जन्मोत्सव बूथ स्तर तक मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई के सोच की प्रगति की दिशा में अन्तिम सीढ़ी तक खड़ा व्यक्ति होता था और इसी के तहत उन्होंने मात्र पांच सौ की आबादी तक के छोटे मजरों तक के लिए प्रधानमंत्री सड़क निर्मित करायीं थी ताकि सब जगह सड़कों का जाल विछ सके। उन्होंने कहा कि हम लोग मा अटल जी के जन्मदिन से पूर्व सन्ध्या पर उनसे जुड़े स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलायेंगे और दीप जलायेंगे। उन्होंने



कहा कि अटल जी की स्मृति में दोनों विधानसभाओं में वृहद सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। हम लोग अटल जी की राजनैतिक यात्रा और उनके सुशासन में योगदान का उत्सव, उसके बुनियादी ढांचा, विदेश नीति,और जनकल्याण के महत्वपूर्ण सुधार की चर्चा करेंगे। अटल जी की विरासत, कार्यकर्ताओं को संगठित कर पार्टी को मजबूत वनाने की नीति पर चर्चा करने का काम भी किया जायेगा।

अटल जी के राष्ट्र विषयक प्रथम मूल्यों को याद कर पच्चीस से इकतीस दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला स्तर पर अटल जी के जीवन से सम्बंधित प्रदर्शनी लगायी जायेगी यह प्रदर्शनी जो आमजन के अवलोकनार्थ सप्ताह भर तक लगी रहेगी। इसके अलावा उनके जन्मदिवस पर हर बूथ पर उनके चित्र के साथ उनका जन्मदिवस मनाया जायेगा। कवि सम्मेलन, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन चौबीस दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर तक किया जाएगा।इस सप्ताह में अटल जी को लेकर संपादकीय लेखन,ब्लोंकिंग,यू ट्यूब कंटेंट विभिन्न लोगों से करवाने को प्रेरित किया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और बरिष्ठ जनों द्वारा विभिन्न अखबारों में अटल जी से सम्बंधित आलेख लिखवाये जायेंगे।अटल जी की विरासत पर आज की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर सोशल मीडिया पर पोस्ट डलवाने का काम किया जायेगा। इसके अलावा और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मा अटल जी की याद में सदरकांटे के पास जिला पंचायत द्वारा पार्क निर्माण एवं मा अटल जी की मूर्ति लगवाई जायेगी।इस अवसर पर नगर पंचायत महरौनी अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यन्त बड़ौनिया ने जानकारी दी ,कि महरौनी में टीकमगढ़ रोड पर नगर पंचायत दो करोड़ रुपए की लागत से में माननीय अटल जी के नाम पर पार्क और उनकी मूर्ति लगवाने का काम करने जा रही है ।

जिला महामंत्री बलराम सिंह लोधी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यालय मंत्री अवतार सिंह लोधी की अगुवाई में सामूहिक राष्ट्रगान का गायन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रदीप चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बलराम सिंह लोधी, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,बरिष्ठ नेता हरीराम राजपूत, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया,प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, लक्ष्मी रावत, कार्यक्रम सहसंयोजक घनश्याम दास साहू, देवेन्द्र गुरु, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र कुमार गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत,धर्मेन्द्र कुमार पाठक, बसंती लारिया,किरण सैन, सुशील अग्निहोत्री गुड्डु, जिला मंत्री गण रमेश कुशवाहा नझाई, रजनी अहिरवार, गौरव चौधरी, धर्मेश द्विवेदी, डा राजकुमार विश्वकर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डा दीपक चौबे, सुरेश कोंते,कार्यालय मंत्री अवतार सिंह लोधी, संदीपसिंह बुन्देला, रुचिका बुन्देला, मनविंदर कौर, अभिलाषा राय, मोर्चा अध्यक्ष गण सुरेश टोंटे, नासिर मंसूरी, सुरेन्द्र प्रताप रजक, मण्डल अध्यक्ष गण भगत सिंह राठौर,वृजेश सिंह राजपूत, आशीष त्रिपाठी,कृपाल सिंह लोधी,नीरज पटैरिया, रामस्वरूप निरंजन, सोबरन सिंह लोधी, दीपेंद्र सिंह लोधी, रामकिशन राजपूत आदि मौजूद रहे।

---

बछरई में युवक का शव मिला था

# हत्या के दूसरे दिन भी आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नाराहट थानान्तर्गत ग्राम बछरई में बीते शुक्रवार को 27 वर्षीय दीपक प्रजापति का शव कमरे में पलंग पर मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला दबाना बताया गया है। मृतक के चेहरे पर आंख के पास और कंधे पर चोट के हल्के निशान भी पाए गए हैं। पिता की तहरीर पर मृतक के दोस्त राम अवतार निरंजन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं, लेकिन दूसरे दिन भी आरोपी का कोई पता नहीं चल सका है। मृतक के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि हत्यारोपी उसके बेटे का मोबाइल और पैसे भी ले गया है। नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम बछरई निवासी दीपक प्रजापति दस दिन पहले दिल्ली से मजदूरी कर गांव लौटा था। वह अपने साथ पैसे भी लाया था। घर पर अकेला होने के कारण वह पिछले तीन दिनों से गांव के निवासी अपने दोस्त रामावतार के साथ लगातार शराब पी रहा था। 18 दिसंबर की शाम 7 बजे दीपक शराब पार्टी करने के लिए रामावतार के घर गया था। अगले दिन, 19 दिसंबर को, जब उसकी मां रामसखी दिल्ली से मजदूरी करके गांव लौटीं और दीपक को खोजते हुए रामावतार के घर पहुंचीं, तो उन्हें दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार, हत्यारोपी रामावतार ने कथित तौर पर दीपक का पहले तौलिये से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने दीपक के चेहरे पर तकिया, टायर, पत्थर और लकड़ी की मयारी रख दी थी। मृतक के पिता मुन्ना लाल ने बताया कि उनके दो बेटे थे। एक बेटे की मौत आठ साल पहले एक दुर्घटना में हो गई थी, और अब दूसरे बेटे की हत्या कर दी गई है। दीपक के दो बेटियां और एक बेटा है, जो वर्तमान में अपनी मां के साथ छिंदवाड़ा गए हुए हैं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में गहरा शोक है।

### युवती ने भाई के दोस्त पर लगाए आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके भाई का दोस्त गल्ला मंडी के पीछे कांशीराम कालोनी में रहने वाला शिवपूजन अहिरवार उसे बिना कारण बदनाम कर रहा है और झूठा इल्जाम लगा रहा है। बताया कि जब वह अपने परिवार के साथ कहीं घूमने गयी तो वहां भी आ गया और साथ में फोटो निकाल ली, जिसे लेकर वह बदनाम कर रहा है। इतना ही नहीं यह भी आरोप है कि अब वह उसके भाई के काम के पैसे उसके भाई के फोन पे पर डाले तो कहा कि उसने पैसे दिया है और गलत बात कर रहा है। युवती ने बताया कि वह मानसिक रूप से डिप्रेशन में है। पीड़िता ने बताया कि शिवपूजन उसके भाई को भी जान से मारने की धमकी दे रहा है और रुपये मांगते हुये ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## आरोप है दुकान नहीं खोलने दे रहे पड़ोसी दबंग भाइयों से प्रताड़ित दुकानदार कई बार हमला कर धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** दबंग भाइयों की जोड़ी इन दिनों आस-पड़ोस के दुकानदारों के लिए खासी मुसीबत बनी हुयी है। पड़ोसी दुकानदारों से मारपीट कर धमकाना, दुकान नहीं खोलने देना और ग्राहकों को बहकाने जैसे मामले आम हो गये हैं।

इन्हीं कारणों से परेशान होकर पड़ोसी दुकानदार ने दबंग भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के इलाइट चौराहा, एलआईसी के पास रहने वाले रामविशाल राय पुत्र राजधर राय ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह सीमेंट सीट, लोहा आदि का क्रय-विक्रय करता है। बताया कि निकटवर्ती ग्राम रोंडा निवासी रमेश राय पुत्र राजधर राय, अजय राय व अभि राय पुत्रगण रमेश राय की दुकान है। आरोप है कि उक्त दोनों भाई दबंगई के चलते उसे दुकान नहीं खोलने दे रहे हैं और गुण्डागर्दी के बल पर गालियां देते हुये विवाद करते रहते हैं। यह भी आरोप है कि दुकान पर आने वाले ग्राहकों को जबरन बुला लेते हैं, जिससे मना करने पर विवाद करते हैं, जिससे ग्राहक भी चले जाते हैं।

बताया कि 15 अक्टूबर को उसके द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी, उक्त लोगों द्वारा की गयी गालियां व विवाद का वीडियो भी पीड़ित के पास पेन-ड्राईव में है। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं, उक्त दबंगों से पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त दबंगों के भय से उसे अपना निवास भी खाली करना पड़ा और कई बार डायल 112 पर फोन कर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

पूर्ति निरीक्षक ने की छापेमार कार्रवाई

## घरेलू एलपीजी सिलेंडर का होटल में उपयोग, मालिक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर में संचालित होटलों व रेस्टोरेंटों पर घरेलू सिलेण्डरों के धड़ल्ले से हो रहे उपयोग के खिलाफ पूर्ति विभाग ने कार्यवाही की है। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षकों की टीम ने छापेमार कार्यवाही करते हुये स्टेशन के पास स्थित पाराशर भोजनालय से तीन घरेलू सिलेण्डर बरामद किये हैं।

होटल पर उपयोग किये जा रहे घरेलू सिलेण्डर को लेकर पूर्ति निरीक्षक ने होटल मालिक पर एफआईआर दर्ज करायी है। लगातार मिल रहीं सूचनाओं के आधार पर जिला पूर्ति निरीक्षक के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक हेमन्त कुमार जोशी, पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बहादुर सिंह की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित पाराशर होटल में निरीक्षण किया। मौके पर होटल के उस्ताज गुल्ले पुत्र रामप्रसाद रैकवार से मालिक की जानकारी ली गयी। कुछ समय पश्चात होटल मालिक मनीष पाराशर पुत्र ओमप्रकाश होटल आ पहुंचे। टीम ने होटल में घरेलू एलपीजी गैस का व्यवसायिक उपयोग होता पाया गया। घरेलू गैस सिलेण्डरों के कागजात भी होटल मालिक नहीं दिखा सके और कोई संतोषजनक उत्तर नहीं था। टीम ने होटल से तीन घरेलू एलपीजी सिलेण्डर बरामद कर सिविल लाइन स्थित भारत गैस एजेन्सी को सुपुर्द किये। टीम के पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पाराशर होटल के मालिक मनीष के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

## रामकथा में श्रीराम विवाह प्रसंग जनप्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

सामाजिक संस्था युवा मंच द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में श्रीराम विवाह का भावपूर्ण प्रसंग संपन्न हुआ।

कथा वाचक पंडित अनिल शर्मा ने श्रीराम–सीता विवाह का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि यह विवाह मर्यादा, त्याग और आदर्श पारिवारिक जीवन का प्रतीक है, जो समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम कथा के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुन्दर शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. मेहताब सिंह यादव, भाजपा नेता नरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य चेतन विक्रम सिंह, राजपुरोहित पंडित गौरव तिवारी, जनपद सदस्य अंशुज शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजसेवी कथा स्थल पर पहुंचे।

---

गुमशुदगी अंकित की गई थी

## तालबेहट व जखौरा थाना पुलिस ने लोगों को लौटाए खोए फोन



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट व थाना जखौरा पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे, खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना तालबेहट व थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विशषलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना तालबेहट द्वारा 02 अदद तथा थाना जखौरा द्वारा 02 अदद गिरे हुए, खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तालबेहट मनोज मिश्रा व जखौरा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

---

जय हिंद क्लब ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा

## अरावली पर्वत पर अवैध खनन से बिगड़ जाएगा प्राकृतिक रवैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विगत दिनों में सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वत माला में सौ मीटर से ऊपर पर्वतों को अरावली पर्वत माला में रखा है।

सौ मीटर से कम पर्वतों को अरावली पर्वत माला के पर्वत नहीं माना है, जिन पर्वतों को अरावली पर्वत माला का हिस्सा नहीं माना गया। वैसे पर्वत 90 से 92 प्रतिशत हैं जिनको सरकार चाहे तो आधिकारिक तौर पर खनन करने की अनुमति दे सकती है, जिससे कि उत्तर भारत का प्राकृतिक संतुलन बिगडने की पूरी उम्मीद है। इसी गंभीर चिंता के बादल मंडरा रहे हैं, अगर अरावली पर्वत माला का खनन होना शुरू हो गया तो रेगिस्तान की गर्म हवा और रेत उत्तर भारत के राज्यों को अपने चंगुल में ले लेगी और दिल्ली जो कि देश की राजधानी है। आने वाले समय में रेगिस्तान का रूप ले लेगी इस गंभीर विषय पर चिंतन कर जय हिंद क्लब ललितपुर के तत्वाधान में सेव अरावली ट्रस्ट की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उप जिलाधिकारी सदर के जरिए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान राम प्रताप, मोंटी शुक्ला, अंकित यादव, आयुष शर्मा, पंकज श्रीवास, चरण सिंह, पंकज रैकवार, अनमोल कुशवाहा आदि शामिल रहे।



---

राजघाट लौट रहा था

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल उपचाररत युवक की हुई मौत

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट के प्रेमनगर निवासी राजकुमार पुत्र बल्देव प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 दिसम्बर को उसका 31 वर्षीय पुत्र प्रवीण पड़ोस में रहने वाले आशीष पुत्र सोमसिंह, कप्तान पुत्र प्रीतम के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 5352 से ललितपुर में निमंत्रण करके राजघाट लौट रहा था। वह जैसे ही थनवारा बस स्टेण्ड के पास पहुंचा, तभी रात करीब 8.30 बजे सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 36 एम.आई. 8821 को एक अज्ञात व्यक्ति ने तेजी व लापरवाही से आया और उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय कप्तान सिंह बाइक चला रहा था, जबकि उसका पुत्र प्रवीण व आशीष पीछे बैठे हुये थे। इस घटना में कप्तान सिंह के पैर में मोच आ गयी और प्रवीण व आशीष गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्रेमनगर निवासी मदन पत्र अरविन्द ने अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्रवीण की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान 5 दिसम्बर को प्रवीण की मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सौजना पुलिस ने वांछित पकड़ा

**ललितपुर।** सौजना थाना पुलिस ने दर्ज मुकद्दमा 200/2025 धारा 137(2), 65(1), 87 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना बड़ागांव ग्राम ककरवाहा के मोहल्ला वीरनगर निवासी राजू उर्फ भज्जू कुशवाहा पुत्र खज्जू कुशवाहा को हिरासत में लिया है।

## गसवानी थाना पुलिस ने किया रिंकू धाकड़ के अंधेकत्ल का खुलासा

# सगा भाई ही निकला हत्यारा,दोस्त के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गसवानी थाना क्षेत्र के सहसराम मौजा स्थित सरसो के खेत पर बुधवार की रात रिंकू धाकड की गला रेतकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया है। रिंकू धाकड की हत्या करने वाला हत्यारा और कोई नहीं,बल्कि उसका बडा सगा भाई ही निकला है,जिसने अपने दोस्त के साथ मिलकर छोटे भाई रिंकू को मौत के घाट उतार दिया है। हत्या करने के पीछे कारण जमीन बताई जा रही है। पुलिस ने हत्यारे बडे भाई और उसके दोस्त को अरेस्ट करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है,जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

रविवार को विजयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम धोबनी निवासी रिंकू धाकड पुत्र पूरण धाकड की हत्या उसके बडे भाई राजेन्द्र धाकड और उसके दोस्त राम सिंह उर्फ भूरा धाकड ने योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया है।




### जमीन में न देना पड़े हिस्सा,इसलिए उतार दिया मौत के घाट

एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि ग्राम धोबनी निवासी मृतक रिंकू धाकड और राजेन्द्र धाकड आपस में सगे भाई है। इनके पिता के साथ कुल 31 बीघा जमीन है। सारी जमीन को राजेन्द्र ही हडपना चाहता है,इसलिए वह छोटे भाई को उसके हिस्से की जमीन नहीं देना चाह रहा था,लेकिन इस साल रिंकू ने किसी तरह पांच बीघा जमीन ले ली और उसमें सरसो की फसल बोई दी। ऐसे में राजेन्द्र को लगा कि रिंकू ने आज पांच बीघा जमीन ले ली है और तो वह आगे जाकर अपने हिस्से की करीब 15 बीघा जमीन भी ले सकता है। इसलिए राजेन्द्र ने रिंकू को जान से मारने की योजना बना ली।

### जिस युवक से था रिंकू का विवाद,उसे फंसाने का भी किया प्रयास

खास बात यह है कि आरोपी राजेन्द्र धाकड ने अपने छोटे भाई की हत्या करने की योजना करीब पांच छह महीने पहले बनाई थी और इसके लिए एक गडासे जैसा धारदार हथियार भी बनवाकर उसे खेत पर बने कमरे में छिपा दिया और फिर प्लानिंग के तहत ग्वालियर से रिंकू बुलाकर सरसो में पानी देने के बहाने खेत पर ले गया,जहां शराब पिलाने के बाद गडासे जैसे हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद रिंकू को ढूंढने और उसकी हत्या के आरोपियों को ढूंढने का झूठा नाटक भी किया। गांव के संतू जाटव नामक युवक से रिंकू का किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था,इस विवाद को लेकर राजेन्द्र अपने भाई की हत्या करने का मामला संतू पर लादने की कोशिश कर रहा था,उसने पुलिस को दि बयानो में यही बताया था कि रिंकू की हत्या उससे विवाद करने वाले संतू के द्वारा की गई है। मगर जब पुलिस ने मामले की जांच की तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। पुलिस के द्वारा सख्ती के साथ पूछताछ करने पर राजेन्द्र ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### खुलासे में इनकी रही अहम भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल और एएसपी प्रवीण भूरिया के निर्देशन में इस अंधे कत्ल का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में जो शामिल थे,उनमें थाना प्रभारी गसवानी रीना राजावत,एएसआई नर सिंह मावई, प्रआ धर्मेन्द्र सिंह,देवेन्द्र गुर्जर, जगदीश मांझी, आरक्षक रणजीत,हरीश, रिंकू गोले, मोहन दांगी, रामलखन, शिवजी रावत, इंदू शर्मा, राजबल्लभ, धर्मेन्द्र धाकड शामिल थे, जिनकी इस खुलासे में अहम भूमिका रही है

## कंपनी का दावा चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना कंपलीट,जनवरी से जीएम 1 और 2 में मिलेगा पानी

# हेल्पलाइन नंबर पर किसान दर्ज कराएंगे मांग, तब सिंचाई के लिए मिल जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

35 गांवों के किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए बनी चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का काम कंपलीट हो गया है। तीन जीएम में बंटी इस सिंचाई परियोजना के दो जीएम जनवरी के प्रथम सप्ताह से सिंचाई के लिए किसानों को नहर का पानी मिलना शुरू हो जाएगा। ऐसा दावा इस परियोजना का काम करने वाली कंपनी के अधिकारी करते हुए बता रहे है कि इस परियोजना के जीएम 01 और 02 में के अंतर्गत आने वाले गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत लगने पर अपनी मांग कंपनी के हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज करानी पडेगी, मांग दर्ज होने के बाद उनके खेत पर सिंचाई के लिए पानी पहुंच जाएगा।

यहां बता दें कि चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के तहत क्षेत्र के गांवों को तीन जीएमो में विभाजित किया गया है। जीएम 01 के अंतर्गत जहां रामगावड़ी, काठोदी, किशोरपुरा, कनापुरा, न्यू रिगिनी, खिरनी, बगवाड़ा, न्यू टर्रा माफी, नागदा , न्यू इच्छापुरा, हसनपुरा, नागदी, आसीदा, कंवरसली, किलगौड़ी, हसनपुर हवेली,



पिपल्दी, पच्चीपुरा, तुलसेफ, डुकल्याखेड़ा, बड़ाखेड़ा, दौलतपुरा, किशनपुरा, लूंड, चंद्रपुरा, छोटाखेड़ा, बिजरपुर, हिरनी खेड़ा, किलोरच एवं गलमान्या में आते है। वहीं जीएम 02 के तहत गोंदा खेड़ी, हलगांवदा बुजुर्ग, फिलोजपुरा एवं अजापुरा आदि गांव आते है। इस चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी डबल्यू पी आई एल लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक दीपक भारती का कहना है कि इस परियोजनो के दोनों जीएम के अंतर्गत आने वाले गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए यह परियोजना कंपलीट है। इन गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा के द्वारा जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में बताई गई है। ऐसे में जनवरी के प्रथम सप्ताह में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा। जबकि जीएम 03 के अंतर्गत आने वाले गांवों में टेस्टिंग का काम चल रहा है। जल्द ही टेस्टिंग पूरी करते हुए सिंचाई के लिए संबंधित गांवों में पानी की उपलब्धता कराना शुरू कर दी जाएगी।

### इनका कहना है

क्षेत्र के किसान अफवाहों पर ध्यान न दे तथा जीएम 01 और 02 में सिंचाई के लिए परियोजना पूरी तरह कंपलीट है। इसलिए इस क्षेत्र के किसान पानी की जरूरत पडने पर हमारे निर्धारित हेल्पलाइन नंबर 9303604976 पर संपर्क कर अपनी मांग दर्ज कराए। मांग दर्ज कराने के बाद किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

दीपक भारती
परियोजना प्रबंधक
डब्ल्यू पी आई एल लिमिटेड श्योपुर

# शिक्षकों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले रविवार को जिले के शिक्षकों ने जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर न सिर्फ बाइक रैली निकाली,बल्कि सीएम के नाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया।

राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामचरित रावत के नेतृत्व में हजारेश्वर पार्क में एकत्रित हुए शिक्षक बाइक रैली के जरिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां सीएम के नाम मांगो से संबंधित ज्ञापन सौपते हुए जहां ई अटेंडेंस का विरोध प्रकट किया,वहीं नियुक्ति दिनांक से




वरिष्ठता का लाभ दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।ज्ञापन सौपने के दौरान अनंतराम मीणा, जगदीश शर्मा, बृजेश शर्मा,आजाद मोहम्मद, बुन्दु खान, हसन खान, कन्हैया लाल शिवहरे, प्रकाश चंद सुमन, हरीश कुमार दर्जी, राम अवतार शर्मा, विष्णु कुमार शर्मा, संजय गुप्ता, संजय शाक्य आदि कई शिक्षक मौजूद थे।

## सहकारिता विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित

# संस्थाओं व सोसाइटियों का नियमित ऑडिट करें:एडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिये कि जिले में पंजीकृत सभी संस्थाओं, समितियों एवं सोसाइटियों का नियमित रूप से ऑडिट किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि सहकारिता विभाग अंतर्गत जिले में एआरसीएस की पदस्थापना के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से पत्र भेजा जायें। बैठक में वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक रामजीलाल सगर, सहकारी निरीक्षक रघुवर दयाल पचौरिया, राहुल शर्मा, उप अंकेक्षक रवि कुमार पचौरिया एवं यशपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक रामजीलाल सगर को वर्ष में 78 संस्थाओं के ऑडिट के लिए अधिकृत किया गया है, इनके द्वारा



65 संस्थाओं का कार्य पूर्ण किया गया है। सहकारी निरीक्षक रघुवर दयाल पचौरिया द्वारा उन्हें आवंटित 98 संस्थाओं में से 61 का ऑडिट कार्य पूर्ण किया गया है। उप अंकेक्षक रवि कुमार पचौरिया द्वारा आवंटित 197 संस्थाओं में से 183 का ऑडिट कर लिया गया है। उप अंकेक्षक यशपाल सिंह द्वारा 197 में से 128 संस्थाओ में अंकेक्षण कार्य पूर्ण किया गया है।

अपर कलेक्टर उपाध्याय ने निर्देश दिये कि शत प्रतिशत संस्थाओं के अंकेक्षण की कार्यवाही पूरी की जायें। बैठक में बताया गया कि जिले में 593 समितियां है, जिनमें से 405 का ऑडिट अभी तक पूरा हो चुका है। इन समितियों में 47 सोसायटी भी शामिल है, जिनके माध्यम से खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है।

# बैठक में पहुंचकर की मारपीट वीडियो वायरल,एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर के बंजाराडैम हसनपुरा हवेली स्थित सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के छात्रावास में आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में हाथो में लाठी डंडे और लोहे की एंगल लेकर पहुंचे नामजद लोगो ने गाली गलौच करते हुए न केवल विवाद,बल्कि मारपीट भी कर दी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया है कि यह विवाद कब्जा करने संबंधी बात को लेकर हुआ है। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में रामअवतार पाठक पुत्र रामगोपाल पाठक निवासी गीता भवन के पास पंडित पाडा श्योपुर की रिपोर्ट पर सुनील बाथम, महावीर सुमन तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# कुशवाह समाज का परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को जनसंपर्क होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

श्रीराम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति गुना द्वारा प्रदेश स्तरीय 12 वां युवा - युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसम्बर को कुशवाह मांगलिक भवन बूढ़े बाला जी टेकरी गुना में आयोजित किया गया है । परिचय सम्मेलन का प्रसार प्रसाद शिवपुरी, अशोकनगर, गुना जिले एवं बदरवास, बिजरोनी, खतोरा आदि क्षेत्रों में जन सम्पर्क किया गया। जन सम्पर्क करने वालों में इंजी. नरेश कुशवाह एन. एफ. एल. गुना अध्यक्ष, नंदराम कुशवाह ठेकेदार कार्यक्रम प्रभारी, रणवीर सिंह कुशवाह महामंत्री, रघुवीर सिंह बरखेड़ा, रुप सिंह कुशवाह कोषालय,लक्ष्मी नारायण कुशवाह (पगारा वाले)सीताराम कुशवाह उपाध्यक्ष,सुखलाल कुशवाह सचिव, हरिराम कुशवाह (ऊपरी वाले)सिंह कुशवाह, अजय सिंह कुशवाह पूर्व उप सचिव बारई आदि शामिल हैं।

# कस्तूरबा गांधी व उत्कृष्ट छात्रावासों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग एवं सहायक संचालक यश जैन द्वारा श्योपुर में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं उत्कृष्ट बालिका छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावासों की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

डीईओ एमएल गर्ग ने बताया कि इस दौरान छात्रावासों में छात्राओं की उपस्थिति, अध्ययन व्यवस्था, छात्रावास की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर की स्थिति, पेयजल, विद्युत, शौचालय, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा छात्राओं से



चर्चा कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण में अधिकांश व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। वहीं कुछ बिंदुओं पर सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने छात्रावास प्रबंधन को निर्देशित किया कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन, सुरक्षित वातावरण एवं बेहतर शैक्षणिक सहयोग सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित रूप से स्वच्छता एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## रामद्वारे में संत रविदास बस्ती का हिंदू सम्मेलन आयोजित

# एकल परिवार से संयुक्त परिवार की ओर बढ़ना आज के समय की आवश्यकता:शुक्ला










हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष के तहत श्योपुर जिले में रविवार से हिंदू सम्मेलनों का आयोजन शुरू हो गया है। इसी क्रम में रविवार को शहर की संत रविदास बस्ती का हिंदू सम्मेलन रविवार को रामद्वारा विवाह उद्यान में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस हिंदू सम्मेलन में इस बस्ती के रहने वाले सभी समाजो के महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बडी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। जति घाट से आरंभ हुई कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ प्रमुख मार्गो से होते हुए बडौदा रोड स्थित रामद्वारा विवाह उद्यान में पहुंची,जहां कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद लोगों ने विधिवत गौ माता का पूजन किया गया। इसके बाद भारत माता का पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत सह संपर्क प्रमुख नवल शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि एकल परिवार से संयुक्त परिवार की ओर बढ़ना आज समय की आवश्यकता है, क्योंकि संयुक्त परिवार सामाजिक संस्कार, सुरक्षा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता और संस्कारों में निहित है।उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि आरएसएस जाति-पाति से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने का कार्य करता है और सभी वर्गों को समान सम्मान देने की भावना ही सशक्त राष्ट्र का आधार है। उन्होंने कुटुंब परिवार,जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सामाजिक समरसता आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में इन कार्यो पर विशेष जोर देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के रूप में गोपाल शिवहरे, संजय महाना, महावीर लोधा, हंसी बाई रेगर, रामचरण लोधा, कन्हैया लाल सुमन, रामबाबू बाथम एवं राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। जबकि संत सोहन दास महाराज (चतरदास जी टीला) एवं महंत परम दास त्यागी महाराज (मोती कुई) विशेष रूप से मंच पर विराजमान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के बंधुओं का शॉल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन महावीर लोधा तथा संचालन पुनीत स्वर्णकार ने किया।इसके बाद सामूहिक भोजन व्यवस्था भी की गई।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण

संकल हिंदू समाज के बैनर तले आयोजित इस हिंदू सम्मेलन में मंच पर जल संरक्षण विषय पर एम.जी बाल विद्या निकेतन के विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को पानी बचाने का गहरा संदेश दिया। इसके बाद हिमांशु शर्मा के निर्देशन में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ, जिससे कार्यक्रम स्थल का समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### सोंईकलां और चंद्रपुरा में हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमिपूजन

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोंईकला और चंद्रपुरा में भी हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए दोनो जगह हिंदू सम्मेलन समिति का गठिन कर दिया गया है। जिसके बाद समितियों ने हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में रविवार को सोंईकलां और चंद्रपुरा में हिंदू सम्मेलन को लेकर भूमि पूजन किया गया।

# 29 को होगा मतदान, मतदाता ईवीएम से डालेंगे अपना वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्योपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत रिक्त पदो की निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में आज अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईव्हीएम मशीनों के द्वितीय रेण्डमाईजेंशन की प्रक्रिया संपन्न हुई। एनआईसी कक्ष श्योपुर में आयोजित प्रक्रिया के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिए नियुक्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय जैन, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान सहित जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन एवं नागदा में सरपंच पद का निर्वाचन लड रहे अभ्यर्थी मौजूद रहें।

रिटर्निंग आफिसर स्तर के द्वितीय रेण्डमाईजेंशन प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं नागदा में सरपंच पद पर होने वाले निर्वाचन के लिए रिर्जव सहित 134 कन्ट्रोल यूनिट तथा 271 बैलेट यूनिट का आवंटन किया गया। इसी के साथ विजयपुर में बैचाई पंचायत में सरपंच पद के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अभ्यर्थियों के समक्ष संपन्न हुई रेण्डमाईजेंशन प्रक्रिया के माध्यम से रिजर्व सहित 08 कन्ट्रोल यूनिट एवं 10 बैलेट यूनिट का आवंटन किया गया। मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के लिए मतो की गणना विकासखण्ड मुख्यालय पर 02 जनवरी 2026 को प्रातः 08 बजे से होगी। सरपंच पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 02 जनवरी को प्रातः 10.30 की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 05 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे होगी।




### जिपं सदस्य के लिए 39 हजार 717 वोटर करेंगे मतदान

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए 18 पंचायतों में 67 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन होगा। 29 दिसंबर को संपन्न होने वाले मतदान में जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 39 हजार 717 वोटर्स अपना वोट डालेगे, इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 20 हजार 480 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 19 हजार 237 है। इसी प्रकार नागदा पंचायत में सरपंच पद पर निर्वाचन के लिए तीन मतदान केन्द्र बनाये गये है, यहां कुल 1892 मतदाता अपना वोट डालेगे, पुरूष वोटर्स की संख्या 961 तथा महिला वोटर्स की संख्या 931 है। विजयपुर विकासखण्ड की बैचाई पंचायत में दो मतदान केन्द्रों पर सरपंच पद के लिए कुल 1022 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जायेगा, जिसमें 567 पुरूष एवं 455 महिला मतदाता शामिल है।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओम राठौर निवासी तुलसी कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरेन्द्र राठौर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नादनखेडी निवासी सुषमा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उससे आनंद यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### चक्का जाम करने पर मामला दर्ज हुआ

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत हरनारायण बाल्मीक निवासी दिल्ली दरवाजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रूपेश बाल्मीक गोलू बाल्मीक, सालिगराम बाल्मीक, नारायण बाल्मीक, शिब्बू बाल्मीक, भटटी बाल्मकी अज्ञात 8 से 10 लोगों ने दिल्ली दरवाजा चंदेरी रोड पर चक्काजाम कर रास्ता रोककर बांधा पहुंचाई। जिस पर मामला दर्ज किया गया है।

### कौशल एवं तकनीकी विकास योजना के तहत आवेदन चाहे गए

**अशोकनगर।** हाथकरघा क्षेत्र में कार्यरत हाथकरघा बुनकर सहकारी समितियां (मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत), स्वसहायता समूहों, उद्यमियों, व्यक्तिगत बुनकरों को सार्वजनिक रूप से सूचना दी गई है कि कौशल एवं तकनीकी विकास योजना 2025-26 के अंतर्गत फ्रेमलूम कम्पलीट सहायक उपकरण सहित की 90%राशि राज्य शासन एवं 10 प्रतिशत आवेदक व संस्था द्वारा जमा करने पर ही स्वीकृत की जाएगी।
आवंटित बजट के उपयोग हेतु आवेदन तारीख 02 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किये गए हैं।

### पंचायत सचिव संगठन ने शिवराज व ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की

**अशोकनगर।** पंचायत सचिव संगठन ने दिल्ली जाकर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान, एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का सचिव संगठन ने किया स्वागत सम्मान ओर सचिव संगठन द्वारा कराए जा रहे राई बधाई भंडारे कार्यक्रम करीला धाम में आने के लिए आमंत्रित किया । पंचायत सचिव संगठन द्वारा करीला धाम में 7वा वेतनमान की मन्नत पूरी होने पर 28 दिसंबर 2025 को विशाल कार्य क्रम मां जानकी जी के दरवार करीला धाम में 51 राई बधाई ब भंडारा आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर,पंचायत सचिव संगठन प्रतिनिधि मंडल में अशोकनगर जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, गुना जिला अध्यक्ष ब्रज रघुवंशी और प्रबल प्रताप सिंह रघुवंशी, उपेंद्र मीणा आदि साथियों ने दिल्ली पहुंचकर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का सचिव संगठन द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।




**इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति**

# शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल का 5वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने देशभक्ति नृत्य, कविता पाठ एवं गीत आदि की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। सभी ने तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम भारत के संविधान और विज्ञान पर आधारित रहा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम कुरवाई मनीष जैन, एसडीएम बीना विजय डेहरिया, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह, अतिरिक्त तहसीलदार कुरवाई देवदीप सिंह, नवोदय प्राचार्य योगेन्द्र भदोरिया खुरई, सीएम राइस कुरवाई प्राचार्य रश्मिकांत, बीआरसी कुरवाई श्यामलकृष्ण घोष, जीएम पावर ग्रिड भोपाल साबिर खान, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। दीप प्रज्वलित उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। साथ ही शाला परिवार के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अंबिका ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें विद्यालय द्वारा खेल गतिविधियों में राज्य स्तरीय प्रतिभागिता, वृक्षारोपण, वन्देमातरम जैसे कार्यक्रमों में संस्था की सहभागिता की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों का संस्था की ओर से साइकोइट्रिक टेस्ट कराए जाने की बात कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम कुरवाई मनीष जैन ने कहा ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और उनमें छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है। एसडीएम बीना विजय डेहरिया ने कहा कि आज के समय में शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से सोशल मीडिया के सीमित उपयोग की सलाह दी। नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने कहा विद्यालय बीना और कुरवाई दोनों विधानसभाओं के लिए एक समन्वय है। यह दोनों क्षेत्रों को एक समान रूप से लाभ पहुंचाता है। यहां नैतिक रूप से समृद्ध नागरिकों का निर्माण होता है। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर ने विद्यार्थियों के बीच वृक्षारोपण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए बात रखी। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के जीवन में संघर्ष और सफलता के लिए कविता सुनाई और गीत के माध्यम से संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य अंबिका ठाकुर ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का धन्यवाद किया। इसके साथ ही वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**रजक समाज ने मनाई संत गाडगे बाबा की 69वीं पुण्यतिथि**

# संत गाडगे बाबा ने स्वच्छता और शिक्षा के लिए समर्पित किया अपना जीवनः रतनलाल



**बीना।** रजक समाज सेवा समिति ने शनिवार को श्री राम कालोनी में संतोष सोलंकी के निवास पर संत गाडगे बाबा की 69वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर समाजजनों ने एकत्र होकर संत गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रतनलाल रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा ने अपने जीवन को समाज सेवा, स्वच्छता और शिक्षा के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं।

राजकुमार रजक ने अपने संबोधन में कहा कि संत गाडगे बाबा समानता, मानवता और परिश्रम के प्रतीक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और सेवा को ही सच्चा धर्म बताया, जिससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

रोशन रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा का जीवन संदेश देता है कि संगठित होकर समाज के कमजोर वर्ग के लिए कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को अपनाकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। संतोष सोलंकी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुन्नालाल रजक, धनीराम रजक, एड. राजेश रजक, संजय रजक, गणेश रजक, दिनेश रजक, संतोष सोलंकी, कल्याण रजक रुसल्ला आदि उपस्थित थे।

# विश्व ध्यान दिवस पर करैरा थाने में तनाव मुक्ति एवं ध्यान शिविर कार्यक्रम का सफल आयोजन

हार्टफुलनेस समन्वयक दुर्ग सिंह लोधी रहे उपस्थित

**करैरा।** करैरा थाना परिसर मे मनाए गए विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश भर के थानों में तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्रित शिविरों का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में करैरा थाने में भी तय समय पर यह कार्यक्रम सुबह 10:15 बजे रिलैक्सेशन एवं ध्यान सत्र से शुरू हुआ।इसके बाद 10:45 बजे हार्टफुलनेस के मुख्यालय कान्हा शांतिवनम आश्रम, हैदराबाद से लाइव प्रसारण



जुड़ा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑनलाइन जुड़कर पुलिसकर्मियों को संबोधित किया और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला।

अंत में 11 बजे राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ। यह पहल मध्य प्रदेश पुलिस की ह्यमिशन रिलैक्सेशनह्व योजना का हिस्सा है, जिसके तहत पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के लिए हार्टफुलनेस के साथ संपन्न हुआ है। हार्टफुलनेस संस्थान के मार्गदर्शन में प्रदेश भर के सभी थानों में ऐसे साप्ताहिक ध्यान सत्र शुरू हो रहे हैं। करैरा थाने में हार्टफुलनेस समन्वयक दुर्ग सिंह लोधी तथा पास के दिनारा थाने में उपदेश बोहरे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

विश्व ध्यान दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त दिवस है, जिसका उद्देश्य ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस वर्ष का थीम एक विश्व, एक हृदय रहा।

# शिक्षकों का छात्रों के साथ भावनात्मक जुड़ाव आवश्यक : बीएसी महेश लोधी



**दिनारा।** दिनारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिनारा स्थित जन शिक्षा केंद्र में प्राथमिक कक्षाओं में प्रभावी लेखन विषय को लेकर कक्षा 1 एवं 2 को पढ़ाने वाले शिक्षकों हेतु शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं प्रेरणा गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर बीएसी महेश कुमार लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का छात्रों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। जब शिक्षक और छात्र के बीच अपनापन व विश्वास होता है, तब सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है। उन्होंने कहा कि कक्षा में शिक्षक के साथ सभी छात्रों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर मंजू रजक ने प्राथमिक कक्षाओं में प्रभावी लेखन कौशल विकसित करने के विभिन्न तरीकों को विस्तार से समझाया तथा व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। इसमें जन शिक्षक संतोष कुमार अहिरवार, हेमलता सोनी, अर्चना गुप्ता, ललित गुप्ता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



# भागवत कथा से पूर्व निकली शहर में भव्य कलश यात्रा

**बीना।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा साहू समाज मंदिर धर्मशाला प्रांगण सर्वोदय चौराहा पर 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व रविवार को कटरा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कटरा मंदिर से अंबेडकर तिराहा से होती हुई सर्वोदय चौक, स्टेशन मार्ग, गांधी तिराहा, महावीर चोक, मां जागेश्वरी धाम मार्ग से होती हुई साहू समाज मंदिर धर्मशाला प्रांगण में संपन्न हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया।

इस दौरान कार्यक्रम में दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक सुप्रसिद्ध मानस मर्मज्ञा विदुषी भाग्यश्री भारती के श्री मुख से भागवत कथा प्रारंभ होगी। कथा आयोजकों ने भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।


रेलवे पेंशनर्स समाज ने पेंशनर्स एकता दिवस का किया आयोजन

# विधायक ने 70 साल से अधिक उम्र वाले पेंशनधारी कर्मचारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

रेलवे पेंशनर्स समाज द्वारा पेंशनर्स एकता दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निर्मला सप्रे महोदय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई, इसके पश्चात 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों/पेंशनर्स का विधायक द्वारा सम्मान किया गया।

पेंशनधारियों एवं कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग से संबंधित लंबित प्रगति एवं विसंगतियों को लेकर विधायक के समक्ष अपनी मांग रखी। उन्होंने आग्रह किया कि आठवें वेतन आयोग से जुड़ी समस्याओं को सरकार तक पहुँचाकर शीघ्र समाधान कराया जाए। विधायक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित स्तर



पर प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान भोपाल से आई स्वास्थ्य टीम द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में बीएमआई मशीन के माध्यम से सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच उपरांत स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा बिना दवाइयों के स्वस्थ रहने के उपायों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थितजनों ने मिलकर स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन आरके जैन एवं डीपी सेन ने किया गया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में एनआर अग्निहोत्री, सचिव डीके गोस्वामी, कोषाध्यक्ष आरपी बरौनिया, संरक्षक डॉ बीपी दीक्षित पीएस परिहार, एसके शर्मा, बीएल साध्याय एवं समस्त रेलवे पेंशनर्स कार्यकारिणी सहित सैकड़ों पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा के निर्देशन में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा महात्मा गांधी चौराहा पर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के विरोध में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार हेमराज मेहर को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने बताया कि नरेंद्र मोदी पिछले 11 साल में झुनझुना बजाने के अलावा तो कुछ कर नहीं पाये, बस कांग्रेस की स्कीम का नाम बदलते रहे। अब मोदी ने महात्मा गांधी रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (एमजीएनआरईजीए) का नाम बदल कर विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (व्हीबी जी राम जी) रख दिया है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा मनरेगा योजना देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालातों में भी उनके साथ थी। इसलिए ये बिल गरीब-मजदूरों के खिलाफ है, हम इसका सख्त विरोध करते हैं। इंदर सिंह ठाकुर ने कहा कांग्रेस का मनरेगा लागू करने में बड़ा योगदान था। लेकिन यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं था यह देश है और जनहित से जुड़ी योजना थी। प्रशांत पाराशर ने कहा मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों श्रमिकों भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हित पर हमला किया है। इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। इस मौके पर विशेष रूप से अजय प्रताप सिंह ठाकुर, विनोद पोरिया, प्राण सिंह कुशवाहा अध्यक्ष खिमलासा, एडवोकेट राजाराम अहिरवार, तुलाराम अहिरवार, ओमप्रकाश पासु, नरेंद्र सिंह ठाकुर, शुभम ठाकुर, प्रमोद राय, उमा महेंद्र नवैया, शिवानी बौद्ध, एडवोकेट कृष्णा कैथोरिया, पीयूष तिवारी, अशोक परिहार, रामकिशन अहिरवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सप्ताह के कड़े अभ्यास कर 1164 प्रशिक्षित नव आरक्षक जवानों का दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**करैरा।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल आर.टी.सी.करैरा में 493वें कांस्टेबल -जी.डी. (पुरुष) बैच के प्रशिक्षणार्थियों के दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ किया गया।इस भव्य परेड में निर्भय सिंह, महानिरीक्षक,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समारोह का आयोजन सुरेश कुमार यादव उप महानिरीक्षक आर.टी.सी.करैरा के दिशा-निर्देशन में किया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों के कुल 1164 प्रशिक्षणार्थी शपथ ग्रहण कर बल की मुख्यधारा में शामिल हुए। इन नव-प्रशिक्षित जवानो ने 44 सप्ताह की अवधि का कठोर अनुशासित एवं बहुआयामी प्रशिक्षण प्राप्त किया है ।

मुख्य अतिथि ने नव प्रशिक्षित जवानो को बधाई देते हुए कहा कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल न केवल सीमाओं की सुरक्षा,बल्कि



आपदा प्रबंधन आंतरिक सुरक्षा और मानवीय सहायता कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त व्यावसायिक ज्ञान,अनुशासन और समर्पण ही उन्हें भविष्य की चुनौतियों से जूझने की शक्ति प्रदान करेगा,साथ ही उन्होंने कहा कि इन नव युवाओं के बल में शामिल होने से हमारे हाथ और भी मजबूत होंगे और बल नई ऊंचाईयों को छुएगा।

इस अवसर पर सुरेश कुमार यादव, उप महानिरीक्षक,आर.टी.सी.करैरा ने पास आउट हो रहे नव-प्रशिक्षित जवानो को संबोधित करते हुए कहा कि यह दीक्षांत समारोह आपके लिए केवल प्रशिक्षण का समापन नहीं,बल्कि देश सेवा के एक नए अध्याय की आरंभ है। उन्होंने प्रशिक्षकों के अथक परिश्रम की सराहना की तथा प्रशिक्षणार्थियों से बल की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने का आह्वान किया । अमूल्य कुमार रॉय,द्वितीय कमान, आर.टी.सी. ने अपने संबोधन में कहा कि नव- प्रशिक्षित जवानो ने जो अनुशासन,निष्ठा और परिश्रम का परिचय दिया है,वही भविष्य में उनकी सबसे बड़ी पूंजी होगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं उन सभी अभिभावकों का हृदय से आभार और धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने अपने बेटो को देश सेवा के लिए इस बल में भेजा है।

आपने जिस खुशी,इच्छा-शक्ति और विश्वास के साथ अपने बच्चों को आई.टी.बी.पी. में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है, उसी प्रकार उन्हें देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे ताकि ये नौजवान देश तथा बल सेवा में अपना मजबूत आधार स्थापित कर सकें ।प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया,पासिंग आउट परेड के शुभ अवसर पर हाई होर्स एण्ड ग्राउंड वर्क, पोल स्ट्रेटनिंग, मा स पी टी , रि प ब्लि का , वै प न एग्जिबिशन ड्रिल के भावविभोर एवं रोमांचकारी प्रस्तुतिकरण ने सभी का मन मोह लिया। अंत में अधिकारियों, प्रशिक्षकगण,जवानों के परिजनों के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति तथा प्रशिक्षणार्थियों के उत्कृष्ट प्रर्दशन के धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।